हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शुक्रवार 20 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 23 .0 डिग्री
न्यूनतम 16 .0 डिग्री



10 पार्किंग शुरू होने से चोरी की वारदातों पर लगेगा...




10 अपराध नियंत्रण के लिए अधिकारी व कर्मचारी...

## खबर संक्षेप

### हैबतपुर में व्यक्ति ने संदिग्ध हालात में लगाया फंदा

**जींद।** गांव हैबतपुर में वीरवार को एक व्यक्ति ने संदिग्ध हालात के चलते फांसी का फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल के शव गृह में रखवाया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव हैबतपुर निवासी पवन (27) ने वीरवार को संदिग्ध हालात में घर में फंदा लगा लिया। परिजनों को घटना का उस समय पता चला जब पवन काफी देर तक कमरे से बाहर नही आया। जब उन्होंने घर जाकर देखा तो वह फांसी के फदे पर लटका हुआ था।

### रंजिशन कार से मारी महिला को टक्कर

**जींद।** रंजिशन महिला को कार से टक्कर मार गंभीर रुप से घायल कर दिया। सदर थाना नरवाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर कार चालक के खिलाफ जानलेवा लेने की कोशिश करने, धमकी देने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सुंदरपुर निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि दो साल पहले पड़ोसी सुनील रात को उसके घर में घुस आया था। मामला पंचायती स्तर निपटा लिया था। तभी से सुनील रंजिश रखे था। गत 15 मार्च को खेत में जा रही थी। उसी दौरान पीछे से सुनील कार लेकर आया और उसे सीधी टक्कर मार दी।

### साइबर ठगों ने 45 हजार ठगे, शिकायत दर्ज

**कैथल।** शहर में ऑनलाइन ठगी के दो अलग-अलग मामलों में अज्ञात आरोपियों ने गूगल पे और ओटीपी के माध्यम से 45000 रुपये से अधिक की ठगी कर ली। सिटी थाना पुलिस ने दोनों मामलों में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में अर्जुन नगर निवासी सतीश कुमार ने बताया कि 31 जनवरी 2025 को मोबाइल से गूगल पे के माध्यम से उसके खाते से 20 हजार रुपए निकाल लिए है।

### देवरड़ में युवक का अपहरण कर मारपीट

**जुलाना।** जुलाना क्षेत्र के देवरड़ गांव में युवक का अपहरण कर उसके साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। देवरड़ निवासी नीरज ने शिकायत में बताया कि 16 मार्च को गांव के ही सोनू, मोनू और अन्य साथियों ने उसका अपहरण कर लिया। पीड़ित के अनुसार आरोपी तीन बाइकों पर सवार होकर आए और उसे जबरदस्ती पकड़ कर बाइक पर बैठाकर ले गए थे।

### करनाल में तीन दिवसीय राज्य सम्मेलन 11 को

**जींद।** हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति के 11 अप्रैल को करनाल की महाराणा प्रताप धर्मशाला में होने वाले तीन दिवसीय 11वें राज्य सम्मेलन में जिला भर से समिति के सैंकड़ों प्रतिनिधि एवं संगठनकर्ता बढ़चढ़कर भाग लेंगे। सम्मेलन का उद्घाटन अखिल भारतीय जन विज्ञान नेटवर्क के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. सत्यजीत रथ करेंगे और राष्ट्रीय महासचिव आशा मिश्रा तथा समिति के राज्याध्यक्ष प्रो. प्रमोद गौरी देश व प्रदेश की वर्तमान परिस्थितियों, वैज्ञानिक मानसिकता की आवश्यकताए सामाजिक न्याय तथा जनसरोकारों से जुड़े मुद्दों पर अपने वक्तव्य प्रस्तुत करेंगे।

### नशा तस्कर की गाड़ी की टक्कर से स्कूटी सवार घायल

**जींद।** गांव गोसाईखेड़ा के निकट तेज रफ्तार नशा तस्कर की गाड़ी की टक्कर से स्कूटी सवार घायल हो गया। चालक गाड़ी को छोड़ कर फरार हो गया। तलाशी लेने पर गाड़ी से चार किलो 810 ग्राम डोडा पोस्त बरामद हुआ। जुलाना थाना पुलिस ने घायल की शिकायत पर गाड़ी चलाने, नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है मेहरड़ा निवासी मोहित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह स्कूटी पर सवार हो कर जुलाना की तरफ जा रहा था।

# लड़की पक्ष को तीन और लड़के पक्ष को दो कमर्शियल गैस सिलेंडर मिलेंगे

## विवाह-समारोह के लिए तय संख्या में उपलब्ध करवाए जाएंगे सिलेंडर

**गैस कंपनियों को दिशा-निर्देश**




जींद। गैस सिलेंडर लेने के लिए लाइनों में लगे उपभोक्ता। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

कमर्शियल गैस सिलेंडर की किल्लत से जूझ रहे लोगों के लिए राहत का समाचार आया है। जिला प्रशासन और गैस कंपनियों की कमेटी ने नई व्यवस्था लागू करते हुए सिलेंडरों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत अब शादी समारोहों के लिए निर्धारित संख्या में सिलेंडर उपलब्ध कराए जाएंगे। नई व्यवस्था के अनुसारए लड़की पक्ष को शादी में तीन और लड़के पक्ष को दो कमर्शियल गैस सिलेंडर दिए जाएंगे। इस निर्णय से उन परिवारों को बड़ी राहत मिलेगी। जिन्हें पहले सिलेंडर के लिए इधर.उधर भटकना पड़ता था। कमेटी ने तीनों गैस कंपनियों के प्रबंधकों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वह इस व्यवस्था को सुचारु रूप से लागू करें और जरूरतमंद लोगों को समय पर सिलेंडर उपलब्ध कराएं। सिलेंडर लेने के लिए लोगों को पहले कमेटी के पास आवेदन करना होगा। शादी से एक दिन पहले संबंधित व्यक्ति को पत्र देकर सिलेंडर की मांग दर्ज करनी होगी। साथ ही प्रति सिलेंडर 2400 रुपये की राशि जमा करवानी होगी। यह राशि जमा करने के बाद ही सिलेंडर जारी किया जाएगा। गौरतलब है कि प्रशासन ने जिले के लिए प्रतिदिन 100 कमर्शियल गैस सिलेंडर की आपूर्ति सुनिश्चित की है। इससे मांग और आपूर्ति के बीच संतुलन बनाए रखने में मदद मिलेगी। नई व्यवस्था लागू होने के पहले ही दिन 70 सिलेंडर की मांग सामने आई। जिससे यह साफ है कि लोगों को इस फैसले से काफी राहत मिली है। वहीं बुकिंग प्रक्रिया में भी बड़ा सुधार किया गया है। पहले जहां सिलेंडर बुक कराने में 20 से 25 मिनट का समय लग जाता था। वहीं अब यह प्रक्रिया महज दो से चार मिनट में पूरी हो रही है। इससे लोगों का समय बच रहा है और अनावश्यक भीड़भाड़ भी कम हो रही है।

**वितरण को लेकर व्यवस्था बनाई**

सप्लाई इंचार्ज अमित सैनी ने बताया कि नई व्यवस्था से गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी पर अंकुश लगेगा। इस प्रणाली को सही तरीके से लागू होने से आने वाले समय में लोगों को और अधिक सुविधा मिलेगी। गैस वितरण प्रणाली को भी अधिक पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है। शादी के सीजन में कमर्शियल गैस सिलेंडरों की मांग अचानक बढ़ जाती है। जिससे कई बार कालाबाजारी और अव्यवस्था की स्थिति बन जाती थी।



जींद। जांच करते हुए टीम सदस्य। फोटो :हरिभूमि

# 300 किलो खराब पनीर मिला, टीम ने किया नष्ट

- कुट्टू का आटा, सॉस, वेज मोमोज, चाऊमीन के लिए सैंपल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिले में वीरवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने कई स्थानों पर छापेमारी की। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी डा. योगेश कादियान के नेतृत्व में टीम को उचाना में एक गोदाम में 300 किलोग्राम खराब पनीर मिला। टीम ने इसे नष्ट कर दिया और गोदाम मालिक को नोटिस जारी किया। इसके अलावा विभाग की टीम ने अलग-अलग स्थानों से कुट्टू का आटा, टमाटो सॉस, वेज मोमोज व चाऊमीन के सैंपल लेकर जांच के लिए भेज दिए। जींद में गोहाना रोड पर एक दुकान पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने कुट्टू के आटे के सैंपल लिए। टीम को सूचना मिली थी कि नवरात्र के मौके पर कई दुकानों पर जो कुट्टू का आटा है, वह खाने योग्य नहीं है। इसी के चलते टीम ने यहां से सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे। रेलवे रोड पर एक दुकान से टीम ने टमाटो सॉस के सैंपल लिए। इसके अलावा भिवानी रोड पर भी टीम ने दबिश दी। यहां एक दुकान से वेज मोमोज व चाऊमीन के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे।

**सैंपल जांच को भेजे**

जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी डा. योगेश कादियान ने बताया कि टमाटो सॉस, चाऊमीन, वेज मोमोज के भी एक-एक सैंपल लिए गए हैं। पनीर में खराबी पाए जाने पर उचाना में 300 किलोग्राम पनीर नष्ट करवाया गया है। इसके अलावा इसका सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा गया है। सैंपल यदि फेल आते हैं तो दुकान मालिकों के खिलाफ आगामी कार्रवाई की जाएगी। नवरात्र के चलते लोगों को शुद्ध और साफ खाद्य पदार्थ मिले, इसके लिए कई स्थानों से सैंपल लिए गए हैं। नवरात्र में कुट्टू के आटे का ज्यादा प्रयोग होता है। इसलिए एक कुट्टू के आटे का सैंपल लिया गया है।

## रबी फसल पकाव की तरफ, कहीं बंटाधार न कर दे बिगड़ा मौसम


# मौसम के बिगड़े तेवरों ने किसानों की बढ़ाई चिंता

## सात डिग्री तक लुढ़का तापमान, 21 मार्च तक बरसात के आसार

**दिन में होती रही बूंदाबांदी, शाम को हल्की बारिश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मौसम के तेवरो ने किसानों की चिंता का बढ़ा दिया है। किसानों को भय सताता रहा कि कहीं मौसम के बिगड़े तेवर उनकी फसलों को चौपट न कर दें। किसानों का कहना है कि बारिश तो ठीक है, अगर ओलावृष्टि तथा तेज हवा चलती है तो फसलो को काफी नुकसान होगा। वीरवार को दिनभर रूक-रूक कर बूंदाबांदी तथा बारिश होती रही। वह भी उस दौरान जब सरसों की कटाई चली हुई है। बरिश के कारण तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। वीरवार को अधिकतम तापमान 23 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 16 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 87 प्रतिशत तथा हवा की गति 16 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार 21 मार्च तक आकाश में बादल छाने तथा बूंदाबांदी की संभावना है। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते दो दिन से मौसम के तेवर बदले हुए हैं। वीरवार को दिन का आगाज आकाश में छाए बादलों के साथ हुआ। दिन चढने के साथ मौसम ने तेजी से करवट ली और हल्की बूंदाबांदी हुई। जो रूक-रूक कर होती रही। शाम का बादल और गहरे हो गए और बारिश शुरू हो गई। जिसके चलते अधिकतम तापमान में सात डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। तापमान लुढ़क कर 23 पर आ गया। हवा की गति कुछ तेज तथा ठडी रही। रबी फसल सरसों फसल की कटाई हो रही है। गेहूं तथा चना फसलें पकाव की तरफ हैं। बेमौसमी बारिश ने किसानों की चिंता को बढा दिया है। किसानों का कहना है कि बूंदाबांदी तथा बारिश तो ठीक है। अगर ऐसे हालात में ओलावृष्टि या तेज हवा चलती है तो उनकी फसलों को काफी नुकसान होगा। अगले दस दिनों में गेहूं तथा चने की कटाई शुरू होनी है। अब मौसम जल्दी खुल जाना चाहिए।



**पश्चिमी विक्षोभ से बदलाव**

मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम में बदलाव आया है। 21 मार्च तक आकाश में बादल छाए रहने तथा कहीं-कहीं बारिश की संभावना है। किसान मौसम को ध्यान में रख कर कृषि से सबधित कार्य करें।



राजौंद। हल्की बारिश के बाद बदला मौसम, खेतों में बिछी गेहूं की फसल।

### बेमौसमी बारिश से गेहूं की फसल पर मंडराया खतरा

**राजौंद।** गुरुवार को क्षेत्र में हुई हल्की बेमौसमी बारिश ने मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल दिया। सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे और दिनभर रुक-रुक कर बूंदाबांदी होती रही। सूर्य देव के दर्शन न होने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई, जिससे ठंड का एहसास एक बार फिर बढ़ गया।बारिश के चलते लोगों को दिनभर ठंडे मौसम का सामना करना पड़ा। वहीं, किसानों की चिंता भी बढ़ गई है। खेतों में खड़ी गेहूं की फसल के लिए यह बेमौसमी बारिश नुकसानदेह साबित हो रही है। किसानों का कहना है कि यदि इसी तरह बारिश जारी रही, तो उनकी करीब छह माह की मेहनत पर पानी फिर सकता है।

### सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**कैथल।** गांव प्योदा में बुधवार देर रात हुए सड़क हादसे में 32 साल के युवक की मौत हो गई। जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया गया है। पुलिस अनुसार गांव प्योदा निवासी विक्रम व नितेश बाइक से मुख्य मार्ग से घर लौट रहे थे। जैसे ही वे गांव के बाहर पहुंचे तो एक अज्ञात वाहन चालक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी और चालक मौके से फरार हो गया। हादसे को देख ग्रामीणों ने तुरंत परिजनों व पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को परिजनों की मदद से अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने विक्रम को मृत घोषित कर दिया। जबकि नितेश की हालत गंभीर होने के चलते उसे पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया गया।

# दंपत्ति को अमेरिका भेजने का झांसा देकर हड़पे 64 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

दंपत्ति को वर्क वीजा पर अमेरिका भेजने का झांसा देकर 64 लाख रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। गढ़ी थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओ के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव हंसडैहर निवासी संदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपनी पत्नी सुखवीर कौर के साथ वर्क वीजा पर अमेरिका जाना चाहता था। गांव शाहपुर पानीपत निवासी मौसी कृष्णा तथा उसके बेटा अमन विदेश भेजने का काम करते है। उसकी मौसी कृष्णा ने उसकी पत्नी सुखवीर कौर को अपने झांसे में ले लिया। 23 दिसंबर 2023 को दोनों आरोपितों ने उसे तथा उसकी पत्नी को वर्क वीजा पर अमेरिका भेजने के लिए 75 लाख रुपये की डिमांड की। आरोपितों ने कहा कि पहले उन्हे बीस लाख रुपये देने होंगे। अमेरीका जाने के बाद पूरी पेंमेंट करनी होगी। आरोपितों के खाते में 21 लाख रुपये डाल दिए गए। जिसके बाद उन्हें दुबई बुला लिया गया और दस्तावेज तैयार करवाए। लगभग छह माह वह तथा उसकी पत्नी दुबई में रहे।



जींद। अस्पताल के बाहर रोष जताते हुए परिजन। फोटो :हरिभूमि

**मृतका के परिजनों का अस्पताल में हंगामा**

**जींद।** रोहतक रोड बाईपास पर कुलदीप मैमोरियल हस्पताल में इलाज के रुपये न मिलने पर प्रबंधन ने मृतका की डेड बॉडी को देने से मना करने पर बवाल खड़ा हो गया। सूचना मिलने पर सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। मृतका के परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ पहले मुकद्मा दर्ज करने की बाद में डेड बॉडी उठाने तथा पोस्टमार्टम कराने की बात कही। फिलहाल सिविल लाइन थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

क्या है मामलाः न्यू कृष्णा कालोनी निवासी बबली 40 को ब्रेन हेमरेज के चलते गत 26 फरवरी को रोहतक रोड बाईपास के कुलदीप मैमोरियल हस्पताल मे भर्ती करवाया गया था। जिसकी वीरवार को मौत गई। जब परिजन डेड बॉडी लेने लगे तो हस्पताल प्रबधन ने ईलाज खर्च दो लाख 60 हजार रुपये की डिमाड की। परिजनो ने आरोप लगाया कि वे एक लाख 60 हजार रुपये पहले जाम करवा चूके है। वे बबली के हालातो मे सुधार न होने पर दूसरे हस्पताल ले जाना चाहते थे। हस्पताल प्रबधन ने बबली को वेटीलेटर पर बताया। अब बबली को मृत बता रहे और बिना इलाज खर्च दिए डेड बाडी देने से मना कर रहे हैं। जिसको लेकर मृतका के परिजनों तथा रिश्तेदारो ने बवाल खडा कर दिया।

# जिला कारागार में बंदियों के गुट भिड़े, तीन घायल

- मारपीट के साथ बर्तन तोड़ कर किया हथियारो के तौर पर प्रयोग

**जींद।** जिला कारागार में बीती रात बंदियों के दो गुट आपस में भिड़ गए। जिसमें तीन बंदी घायल हो गए। जिसमें बर्तनों का हथियार के तौर पर प्रयोग किया गया। घायल बंदियों को नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया है। जेल उपाधीक्षक की शिकायत पर सिविल लाइन थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। जेल उपाधीक्षक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बैरक नंबर पांच में जैजैवती निवासी विजय व उसके साथी, इसके अलावा तीहर निवासी प्रवीण, बरोदा निवासी विपिन व उनके साथी विचाराधीन बंदी है। दोनों पक्ष अलग गुटों से संबंध रखते हैं। बीती रात दोनों गुटों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई थी। जिसमें लात व घुसों के अलावा बर्तन तोड़ कर हथियारों के तौर पर प्रयोग किया। बंदियों के इस झगड़े में जैजैवंती निवासी विजय, उसके साथी गांव सिवाहा निवासी मोहित, मनजीत को चोटें आई। बंदियों के बीच झगड़े की सूचना पाकर जेल अमला बैरक में पहुंचा और बंदियों को अलग-अलग किया।

## राज्यसभा चुनाव को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कांग्रेस पर बोला तीखा हमला

# क्रॉस वोटिंग करने वाले पांचवें विधायक का नाम बताए कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली ने कांग्रेस पर राज्यसभा चुनाव को लेकर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रदेश के दो बार मुख्यमंत्री रहे भूपेंद्र सिंह हुड्डा और कांग्रेस प्रभारी बीके हरिप्रसाद को पार्टी ने "एजेंट बनाकर केबिन में बैठाने" का काम किया है। बडौली पूंडरी में उमेश शर्मा के प्रतिष्ठान पद्माक्षी रेस्टोरेंट में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इसके बाद उन्होंने अनाज मंडी में हरियाणा ब्राह्मण खाप के प्रदेश अध्यक्ष अशोक शर्मा सिरसल के प्रतिष्ठान पर आयोजित कार्यक्रम में भी भाग लिया। उन्होंने कहा कि राज्यसभा चुनाव में हुई क्रॉस वोटिंग को लेकर कांग्रेस स्पष्ट करे। पांच विधायकों में से चार के नाम सार्वजनिक किए जा चुके हैं, लेकिन एक का नाम अभी तक सामने नहीं आया है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या वह व्यक्ति भूपेंद्र सिंह हुड्डा और बीके हरिप्रसाद से भी ज्यादा प्रभावशाली है। कांग्रेस को उस विधायक का नाम भी सार्वजनिक करना चाहिए। इसके साथ ही मोहनलाल बडोली ने कहा कि भाजपा सरकार "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास" के मंत्र पर काम कर रही है। सरकार द्वारा गरीब कल्याण, किसान सम्मान, महिला सशक्तिकरण और युवाओं के रोजगार के लिए कई योजनाएं लागू की गई हैं। आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना, पीएम आवास योजना और किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं के माध्यम से जरूरतमंदों को सीधा लाभ पहुंचाया जा रहा है।



भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बडौली का सम्मान करते विधायक सतपाल जाम्बा व उमेश शर्मा ।

**ये रहे मौजूद**

अवसर पर भाजपा के युवा नेता उमेश शर्मा, ब्राह्मण खाप के प्रदेश अध्यक्ष अशोक शर्मा सिरसल ने बडोली का पगड़ी पहनाकर और स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। कार्यक्रम में हल्का विधायक सतपाल जांबा, वरिष्ठ नेता अशोक गुर्जर, जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी, मार्केट कमेटी पूंडरी के अध्यक्ष सुभाष हजवाना, ब्रहामण खाप प्रदेशाध्यक्ष अशोक शर्मा सिरसल, चेयरमैन कृष्ण पिलनी, भाजपा नेत्री निधि मोहन, युवा नेता उमेश शर्मा, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री देवेंद्र पांचाल, देवी दयाल बरसाना, मनोज राणा, जॉनी मैहला, प्रमोद शर्मा, दीपक नन्दराज्योग, हर्ष सेठी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अनियंत्रित हो ड्रेन में पलटी इको गाड़ी, महिला की मौत

- पौली गांव के पास बुधवार देर शाम दर्दनाक सड़क हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलाना क्षेत्र के पौली गांव के पास बुधवार देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया। जहां एक इको गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे ड्रेन में पलट गई। हादसे में गाड़ी में सवार महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। बाद में उपचार के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार शादीपुर गांव निवासी 32 वर्षीय सुमन जो टिटौली स्थित पंचरत्न कंपनी में कार्यरत थी रोजाना की तरह ड्यूटी खत्म कर रोहतक से जुलाना की ओर लौट रही थी। इसी दौरान पौली गांव के पास चालक का वाहन पर नियंत्रण बिगड़ गया और गाड़ी अचानक सड़क से नीचे उतर कर ड्रेन में जा गिरी। गंभीर रूप से घायल सुमन को रोहतक पीजीआई पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका के पति सुशील ने शिकायत में आरोप लगाया है कि गाड़ी चालक राजपाल जो कि शादीपुर गांव का ही रहने वाला है, वाहन को लापरवाही और तेज गति से चला रहा था। इसी लापरवाही के चलते यह हादसा हुआ।

## खबर संक्षेप

### गुटों के बीच हुए झगड़े में तीन युवक घायल

**जींद।** नरवाना केएम कालेज में दो गुटों के बीच हुए झगड़े में तीन युवक घायल हो गए। चाकू लगे एक युवक को अग्रोहा मेडिकल कालेज रेफर किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हनुमान नगर निवासी विकास 22 तथा मैंगलपुर निवासी अभिषेक का वीरवार को केएम कालेज मे आपस में कहासुनी हो गई। जो मारपीट तक जा पहुंची। जिसमें एक दूसरे पर डंडे बरसाए गए। इसमें दोनों साथी भी शामिल रहे। अभिषेक ने विकास को चाकू घोंप दिया। जबकि झगड़े में विकास के साथी अंकुश तथा आशीष भी घायल हो गए। घायल को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां से चिकित्सकों ने विकास की गंभीर हाल देख मेडिकल कालेज अग्रोहा रेफर कर दिया।

### सीएम के नाम भेजा छह सूत्रीय मांग पत्र

**जींद।** अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर यूनियन जिला कमेटी जींद और राज्य कमेटी हरियाणा का संयुक्त प्रतिनिधिमंडल सूरजभान की अध्यक्षता में सफीदों उपमंडल नागरिक अधिकारी कार्यालय में पहुंचे और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन राज्य प्रधान जगमाल सिंह ने कहा कि गत सात मार्च को सफीदों पटाखा फैक्ट्री में बहुत बड़ा हादसा हुआ है।

### ईश्वर भक्ति स्वांग का विषय नही : अहिरका

**जींद।** असमर्थ महिला कल्याण न्यास के संस्थापक रामनिवास अहिरका ने कहा कि मात्र शरीर में भस्म रमा लेने सेए जटाओं को बढ़ा लेने से, गेरूवा वस्त्र पहन लेने से कोई व्यक्ति योगी कहलवाने के योग्य नही हो जाता बल्कि योगी लोगों का जीवन तो संसार के किसी भी प्राणी की अवैध हिंसा न कर उनके जीवन की मूलभूत जरूरतों में कटोती कर के भी निष्काम भाव से संसार के पात्र जरूरतमंदों का भला करने व आपनी आत्मा के तार परमात्मा के ज्ञान ध्यान भजन से जोड़ने से होता है।

### घर में घुस कर लड़की से अश्लील हरकत

**जींद।** नरवाना में बीती रात घर में घुस कर नाबालिग लड़की से अशील हरकत करने पर शहर थाना नरवाना पुलिस ने एक युवक के खिलाफ अशील हरकत करने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नरवाना निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात ढाकल रोड निवासी शुभम उनके घर में घुस आया और उसकी नाबालिग बेटी के साथ अशील हरकत शुरू कर दी। बचाव में शोर मचाए जाने पर आरोपित फरार हो गया। शहर थाना नरवाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर शुभम के खिलाफ आठ पास्को एक्ट समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जागरण को लेकर निमंत्रण दिया

**जींद।** शहीदे आजम युवा क्लब के तत्वावधान में 40वां विशाल मां भगवती जागरण का आयोजन 28 को पटियाला चौंक स्थित जागरण ग्राऊंड में आयोजित होने जा रहा है। जागरण को लेकर क्लब सदस्य प्रधान गुलशन सलूजा के नेतृत्व में नागरिक अस्पताल में डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला से मिले और उन्हें जागरण को लेकर निमंत्रण दिया। डा. भोला ने भी सहर्ष निमंत्रण को स्वीकार किया। कहा कि श्रद्धालुओं को कन्या भ्रूण हत्या न किए जाने को लेकर शपथ दिलाई जाएगी वहीं कन्या महत्ता को लेकर भी श्रद्धालुओं को प्रेरित किया जाता है।

### तीन दिवसीय वेद प्रचार कार्यक्रम आज से

**जींद।** महर्षि दयानंद सरस्वती के 201वें जन्मोत्सव के उपलक्ष में गांव गौसाईंखेड़ा की खरकिया चौपाल में 20 से 22 मार्च तक तीन दिवसीय वेद प्रचार कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। समागम में जोधपुर से आचार्य वरुण देव, गुरुकुल कालवा से आचार्य राजेन्द्र, नैष्ठिक गुलकनी से स्वामी दिव्यानंद और जींद से इंद्र सिंह अपने ज्ञानवर्धक विचारों से श्रद्धालुओं का मार्गदर्शन करेंगे। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में जुलाना हलके के पूर्व विधायक अमरजीत ढांडा शिरकत करेंगे।

---

## नागरिक अस्पताल में 25 लाख से पार्किंग बन कर तैयार

# पार्किंग शुरू होने से चोरी की वारदातों पर लगेगा अंकुश

### ड्रेनेज और पार्किंग की ऊंचाई को लेकर कुछ समस्याएं, जल्द होंगी दूर

**काफी समय से सुविधा उपलब्ध करवाने की मांग की जा रही थी।**



जींद। नागरिक अस्पताल में तैयार की गई पार्किंग में खड़े वाहन। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालाय स्थित नागरिक अस्पताल में 25 लाख से पार्किंग बन कर तैयार है। हालांकि कुछ पैच वर्क बाकी है, बावजूद इसके लोगों ने अपने वाहनों को यहां खड़ा करना शुरू कर दिया है। नई बिल्डिंग के पीछे सिटी स्कैन सेंटर के सामने खाली जगह में बनाई गई पार्किंग से अस्पताल में जगह-जगह खड़े होने वाले वाहनों से खड़ी होने वाली समस्या से निजात मिलेगी। इसके साथ ही आए दिन वाहन चोरी की वारदातों पर भी अंकुश लगेगा। हालांकि विधिवत तौर पर इस पार्किंग को शुरू नही किया गया है। क्योंकि यहां ड्रेनेज व पार्किंग की ऊंचाई को लेकर कुछ समस्याएं हैं। जिन्हें दूर करने के लिए संबंधित ठेकेदार को बोला गया है। फिलहाल यहां लोगों ने वाहन खड़े करने शुरू कर दिए हैं। नागरिक अस्पताल में पिछले काफी समय से पार्किंग सुविधा उपलब्ध करवाए जाने की मांग की जा रही थी। पार्किंग न होने से वाहन चोरी की वारदातें आम हो गई थी। किसी न किसी की बाइक व अन्य वाहन चोरी होने की शिकायतें अस्पताल प्रशासन के पास पहुंचती थी। ऐसे में स्वास्थ्य प्रशासन ने नई बिल्डिंग के पीछे सिटी स्कैन सेंटर के सामने स्थित खाली जगह को पार्किंग के लिए चिह्नित किया। लगभग 25 लाख रुपये की लागत से अढाई माह पहले इस पर कार्य शुरू हुआ।

**जल्द ठीक करवाया जाएगा**

नागरिक अस्पताल के प्रधान चिकित्सा अधिकारी (पीएमओ) डा. रघुवीर पूनिया ने बताया कि पार्किंग निर्माण कार्य का 90 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। पार्किंग में ड्रेनेज व इसकी ऊंचाई की कुछ समस्या है। जिसे जल्द ठीक करवाया जाएगा। फिलहाल लोगों ने यहां अपने वाहनों को खड़ा करना शुरू कर दिया है।

यह पार्किंग क्षेत्र काफी बड़ा है और यहां दर्जनों वाहन तथा टूव्हीलर आसानी से खड़े हो सकते हैं। वर्तमान में पार्किंग की कमी के कारण डॉक्टरों और स्टाफ को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। डॉक्टरों को खुद ही चालकों के साथ मिलकर वाहन पार्क करने पड़ते हैं। जिससे अव्यवस्था बनी रहती है। कई बार तो लोग चिकित्सक पार्किंग में ही अपने वाहनों को खड़ा कर देते हैं। पार्किंग से वाहन हटवाने के लिए काफी समय भी बर्बाद होता है। आपातकालीन स्थितियों में देरी हो जाती है। ऐसे में नई पार्किंग की सुविधा सभी के लिए वरदान साबित होगी।

---

# ड्यूटी का निर्वहन पूरी निष्ठा और गंभीरता से करना सुनिश्चित करें

- मुख्यमंत्री की प्रस्तावित रैलियों की तैयारियां समय पर हों पूरी : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि आगामी चार अप्रैल को सफीदों तथा पांच अप्रैल को जींद में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की प्रस्तावित हलका स्तरीय रैलियों के मद्देनजर सभी विभाग तैयारियां समयबद्ध, सुव्यवस्थित एवं उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण करना सुनिश्चित करें। संबंधित अधिकारी अपनी ड्यूटी का निर्वहन पूरी निष्ठा व गंभीरता से करना सुनिश्चित करें। डीसी मोहम्मद इमरान रजा गुरूवार को आगामी चार व पांच अप्रैल को होने वाली मुख्यमंत्री की प्रस्तावित रैलियों के दृष्टिगत लघु सचिवालय के सभागार में संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन विभागों की परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास प्रस्तावित हैं, वे अपनी विस्तृत सूची निर्धारित समयावधि में उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करेंए ताकि कार्यक्रम की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया जा सके। उन्होंने कहा कि रैली स्थलों पर आमजन की सुविधा एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। तथा पेयजल की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। डीसी ने लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए कि रैली स्थलों तक जाने वाले सभी मार्गों की समय रहते सुधार कार्य पूर्ण कर लिया जाए।



जींद। स्कूल बसों को जांचते हुए अधिकारी।

### स्पेशल अभियानः दो स्कूलों की 27 बसें जांची

**जींद।** जिला परिवहन विभाग द्वारा गुरूवार कोस्कूली बसों की जांच का विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान दो स्कूलों में 27 बसों की जांच की गई। जांच के दौरान सभी बसों में निर्धारित मानक पूरे पाए गए। जिसके चलते कोई चालान नहीं हुआ। यह तीन माह दूसरी बार ऐसा हुआ है कि जांच के दौरान स्कूली बसों में मानक पूरे मिले और कोई चलान नहीं किया गया। इससे पहले 18 दिसंबर 2025 को जब स्कूली बसों की जांच का अभियान शुरू किया गया था तो पहले दिन दो स्कूलों में 58 बसों की जांच की गई थी। उस दौरान भी कोई चालान नहीं किया गया था। वहीं पिछले सप्ताह 12 मार्च को दो स्कूलों में 25 बसों की जांच की गई थी। 10 बसों में सीसीटीवी कैमरा, फस्ट एड बाक्स व फायर सिलिंडर नहीं मिलने पर 14 हजार 500 रुपये का चालान किय गया था। सप्ताह में हर वीरवार को जिला परिवहन विभाग की टीम अभियान चलाती है। जांच के लिए चार सदस्यीय टीम का गठन किया गया है।

### अवैध हथियार के साथ एक युवक गिरफ्तार

**जींद।** जिला जींद में अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत डिटक्टिव स्टाफ ने अवैध हथियार सहित गांव सच्चाखेड़ा निवासी अशोक को काबू किया है। डिटक्टिव स्टाफ जींद के इचांर्ज निरीक्षक मनीष कुमार ने बताया कि उनकी एक टीम जयबीर के नेतृत्व में नरवाना में बद्दोवाल टोल प्लाजा के पास गश्त कर रही थी। इसी दौरान सूचना प्राप्त हुई कि एक युवक अवैध पिस्तौल लेकर गांव सच्चाखेड़ा से दबलैन रोड पर खड़ा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची युवक पुलिस पार्टी को देख कर तेज कदमों से आगे बढने लगा। पुलिस टीम ने शक के आधार पर उसे काबू कर लिया। पुलिस पूछताछ में युवक की पहचान सच्चाखेड़ा निवासी अशोक के रूप में बताई। नियमानुसार तलाशी लेने पर उसकी जेब से 12 बोर देशी पिस्तौल व चार जिंदा रौंद 12 बोर बरामद हुए।

---

### जाट धर्मार्थ सभा की कालिजियम बैठक

**जींद।** जाट धर्मार्थ सभा की कालिजियम बैठक जाट धर्मशाला में संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता कॉलिजियम के वरिष्ठ सदस्य यशपाल कंदोला ने की तथा अध्यक्ष के सहयोगी की भूमिका ईश्वर सिंह ने निभाई। कार्यवाही लिखने का अधिकार नियमानुसार महासचिव सुरजीत सिंह धनखड़ को दिया गया। बैठक के अध्यक्ष की अनुमति से जाट धर्मार्थ सभा का 2023-24 तथा 2024-25 का पैंडिंग लेखा-जोखा सभा के कोषाध्यक्ष बलवंत सिंह द्वारा रखा गया। जो सर्वसम्मति से पास किया गया। कार्यकारिणी के सचिव यादवेंद्र खर्ब द्वारा आजतक जाट धर्मार्थ सभा से संबंधित गतिविधियों का ब्यौरा दिया गया। मुख्य एजेंडे के अनुसार जाट धर्मार्थ सभा के प्रधान के असहयोगात्मक और असंवैधानिक रवैये बारे चर्चा की गई।



जींद। बैठक में भाग लेते सभा सदस्य। फोटो :हरिभूमि



जींद। शिकायतें सुनते हुए डीसी। फोटो :हरिभूमि

### उपायुक्त ने सुनीं लोगों की समस्याएं

**जींद।** लघु सचिवालय स्थित सभागार में वीरवार को डीसी मोहम्मद इमरान रजा की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरितए पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना रहा। जनसमस्याओं को गंभीरता से सुना गया। आज समाधान शिविर में 12 समस्याएं प्राप्त हुई। डीसी ने प्रत्येक मामले पर संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर ही उचित दिशा-निर्देश देते हुए प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निपटान सुनिश्चित करने के आदेश दिए। इस दौरान गांव दालमवाला निवासी एक प्रार्थी ने गावों के कुएं की जमीन पर हुए अवैध कब्जे को हटवाने की मांग की। वहीं गांव बराह कला निवासी सायल ने रकबे की निशानदेही करवाने की अर्जी पर डीसी ने संबंधित अधिकारी को तय समय सीमा में कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने का आह्वान

**जींद।** स्वदेशी जागरण मंच ने हिंदू नव वर्ष के उपलक्ष्य में चौधरी रणबीर सिंह विवि के प्रांगण में प्रातरूकाल में सर्वप्रथम यज्ञशाला में हवन का कार्यक्रम किया गया। इसके बाद एक हिन्दू नव वर्ष पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा नव संवत वैदिक मंत्रों के साथ यज्ञ हुआ। उपस्थित विद्यार्थियों ने हवन यज्ञ में आहुति डाल कर समाज के कल्याण व समृद्धि के लिए भगवान प्रार्थना की। मुख्य वक्ता के रूप कुलदीप पूनिया प्रांत संगठक स्वदेशी जागरण मंच का विशेष रूप से रहना हुआ। जिसमें उन्होंने भारतीय संस्कृति संस्कार सेवा पर विचार व्यक्त करते हिन्दू नव वर्ष की विशेषता पर तथा स्वदेशी वस्तुओं पर ध्यान को आकर्षित करते हुए विशेष रूप से कहा यदि अपने देश में बनी ही वस्तुओं को हम खरीदेंगे तथा यही उनका निर्माण करके बेचेंगे।



संगोष्ठी में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि



माता की पूजा-अर्चना पहले नवरात्र पर करते पुजारी शिवकुमार कौशिक।

### श्रद्धालुओं ने माता भ्रामरी धाम में की पूजा

**उचाना।** चैत्र नवरात्रि के पहले नवरात्र पर देवभूमि बनभौरी स्थित माता भ्रामरी धाम पर श्रद्धलु पूजा-अर्चना करने के लिए पहुंचे। पहला नवरात्र सुबह 6:52 मिनट से शुरू हुआ। घरों में अखंड ज्योत माता की पूरे नवरात्र जलाने वाले श्रद्धालु मंदिर परिसर से पैदल ज्योत लेकर गए। मंदिर परिसर को नवरात्र पर भव्य रूप से सजाया गया। माता के धाम में कन्या पूजन करके पूजा-अर्चना की शुरूआत की। माता परिसर, दरबार देश, विदेशी फूलों की खुशबू से पूरे नवरात्र महकेगा। यहां पर दिन-रात भंडारा भी श्रद्धालुओं के लिए चलेगा। सुरक्षा की दृष्टि से प्रशासन के साथ-साथ मंदिर प्रबंधन कमेटी द्वारा भी पुख्ता प्रबंध किए गए है। मंदिर पुजारी शिव कुमार कौशिक ने बताया कि नवरात्रि के पहले दिन कलश स्थापना के साथ ही मां दुर्गा की पूजा माता शैलपुत्री के रूप में की गई।

---



राजकुमार गोयल को ध्वजा यात्रा का निमंत्रण पत्र भेंट करते संस्था के पदाधिकारी।

### सैंकड़ों श्रद्धालु पैदल बनभौरी धाम के लिए होंगे रवाना

**जींद।** जय मां बनभौरी सेवा समिति जींद के तत्वावधान में 21 मार्च को आयोजित होने वाली भव्य पैदल ध्वजा यात्रा को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में है। बैंक रोड स्थित प्रधान सुनील गोयल के प्रतिष्ठान पर आयोजित बैठक में यात्रा की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रधान सुनील गोयल ने की। प्रधान सुनील गोयल ने बताया कि पिछले 5 वर्षों से लगातार आयोजित की जा रही ध्वजा यात्रा इस बार और भी भव्य स्वरूप में निकाली जाएगी। यह एक दिवसीय पैदल यात्रा बनखंड महादेव मंदिरए हांसी रोड जींद से शुरू होकर बनभौरी धाम तक पहुंचेगी। यात्रा को हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण लाल मिड्ढा, अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष डा. राजकुमार गोयल, चंडीगढ़ के प्रमुख समाजसेवी सुभाष डाहोलिया और अग्रोहा धाम जींद के प्रधान अशोक गोयल हरी झंडी दिखा कर रवाना करेंगे। समिति के प्रैस सचिव सोनू जैन ने बताया कि इस धार्मिक आयोजन में सैकड़ों महिलाएंए पुरुष और बच्चे भाग लेंगे। श्रद्धालु हाथों में ध्वजा लेकर माता के जयकारे लगाते हुए शहर के प्रमुख मार्गों देवीलाल चौक अंडरपास, चक्कर रोड, घंटाघर, बैंक रोड, रामराये गेट, झांझ गेट और पटियाला चौक से गुजरेंगे। यात्रा के दौरान भव्य झांकियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी।

---

# अपराध नियंत्रण के लिए अधिकारी व कर्मचारी आधुनिक तकनीकों का अधिकतम उपयोग करें

- अपराध नियंत्रण व पुलिस कार्यप्रणाली की समीक्षा के लिए उच्च स्तरीय बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



उप महानिरीक्षक कामंडेंट प्रथम आईआरबी भोंडसी विरेंद्र विज ने कहा कि अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस अधिकारी व कर्मचारी आधुनिक तकनीकों का अधिकतम उपयोग करें तथा प्रत्येक मामले में समयबद्ध व निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करें। उप महानिरीक्षक कामंडेंट प्रथम आईआरबी भोंडसी विरेंद्र विज गुरूवार को हरियाणा में अपराध की स्थिति की व्यापक समीक्षा एवं पुलिस कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय में समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। कहा कि जनता का विश्वास बनाए रखना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। जिसके लिए पारदर्शिता एवं जवाबदेही अत्यंत आवश्यक है। बैठक में पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सिंह सहित जिला के सभी उप पुलिस अधीक्षक तथा सभी शाखाओं के ईचांर्ज उपस्थित रहे। बैठक के दौरान प्राप्त निर्देशों के अनुरूप अपराध की प्रवृत्तियों एवं पुलिस कार्यप्रणाली का गहन विश्लेषण किया। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने आश्वासन दिया कि जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने व अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

# आरती के दौरान दो महिलाओं के गले से टूटी सोने की चैन

- हिंदू कन्या महाविद्यालय में भगवत कथा सुनने गई थी दोनों महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हिंदू कन्या महाविद्यालय में भगवत कथा की आरती के दौरान किसी व्यक्ति ने भीड़ का फायदा उठा कर दो महिलाओं के गले से सोने की चैन तोड़ ली। शहर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हाउसिंग बोर्ड निवासी सीमा तथा शिव कालोनी निवासी सरोजबाला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि की हिंदू कन्या महाविद्यालय में भगवत कथा चली हुई है। बीती देर शाम कथा के बाद आरती की जा रही थी। उसी दौरान किसी व्यक्ति ने भीड़ का फायदा उठा कर दोनों के गले से सोने की चैन तोड़ ली। घटना का उस समय पता चला जब आरती के बाद उन्होंने अपनी सोने की चैन को संभाली। शहर थाना पुलिस शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहर थाना प्रभारी दिनेश कुमार ने बताया कि महिलाएं कथा सुनने गई हुई थी। आरती के दौरान भीड़ का फायदा उठा कर दो महिलाओं के गले से सोने की चैन चोरी हो गई। फिलहाल मामला दर्ज कर लिया गया है।

---

## जींद में शिक्षा का नया मॉडल वुडस्टॉक पब्लिक स्कूल

# अब छात्रों को स्कूलिंग और प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध करवाई जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

शिक्षा के क्षेत्र में एक नई पहल करते हुए वुडस्टॉक पब्लिक स्कूल ने फिजिक्स वाला के साथ मिलकर एक ऐसा मॉडल शुरू किया है, जो छात्रों और अभिभावकों के लिए बेहद सुविधाजनक और प्रभावी साबित हो सकता है। अब कक्षा 8वीं से 12वीं तक के छात्रों को स्कूलिंग और प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध करवाई जाएगी। संस्था के निदेशक नरेंद्र नाथ शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस नई पहल के तहत



संस्था के निदेशक नरेंद्र नाथ शर्मा।

छात्रों को सुबह 8:30 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक एक ही परिसर में स्कूल शिक्षा के साथ-साथ आईआईटी, जेईई, नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाई जाएगी। खास बात यह है कि कोचिंग फिजिक्स वाला की अनुभवी फैकल्टी द्वारा दी जाएगी। जिससे छात्रों को गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन मिलेगा। इस मॉडल का सबसे बड़ा लाभ यह है कि छात्रों को अलग-अलग स्थानों पर जाकर पढ़ाई करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इससे उनके समय की बचत होगी और अतिरिक्त थकान भी नही होगी। स्कूल के बाद बच्चों को कोई अतिरिक्त बोझ नहीं दिया जाएगा। जिससे वे घर जाकर आराम से सेल्फ. स्टडी, प्रॉब्लम सॉल्विंग और टेस्ट सीरीज की तैयारी कर सकेंगे। फाउंडेशन क्लासेज के रूप में कक्षा 8वीं, 9वीं और 10वीं के छात्रों के लिए विशेष रूप से बेस मजबूत करने पर ध्यान दिया जाएगा ताकि वे आगे चलकर आईआईटी और नीट जैसी परीक्षाओं के लिए पूरी तरह तैयार हो सकें। वहीं 11वीं और 12वीं के छात्रों को टारगेटेड तैयारी करवाई जाएगी। संस्थान द्वारा पूरे जींद और आसपास के क्षेत्रों के छात्रों के लिए ट्रांसपोर्ट की सुविधा भी उपलब्ध करवाई गई है।

**सपना पूरा करने में मदद**

जिससे दूर दराज के छात्र भी इस सुविधा का लाभ उठा सकें। निदेशक ने यह भी बताया कि फिजिक्स वाला एक ऐसा प्लेटफॉर्म है, जिसने हजारों छात्रों को डॉक्टर और इंजीनियर बनने का सपना पूरा करने में मदद की है। इस सहयोग से अब जींद के छात्र भी बेहतर मार्गदर्शन के साथ आईआईटी, नीट और मेडिकल कॉलेजों में सरकारी सीट हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ सकेंगे। यह पहल न केवल शिक्षा को आसान बनाएगी बल्कि छात्रों के भविष्य को एक नई दिशा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# 23 को रक्तदान में युवाओं की होगी अहम भागीदारी : सिहाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जननायक जनता पार्टी के युवा विंग के प्रदेश महासचिव विकास सिहाग ने बताया कि 23 मार्च को शहीदी दिवस पर जींद की अनाज मंडी में जननायक जनता पार्टी रक्तदान शिविर में युवाओं की अहम भागीदारी होगी। रक्तदान शिविर को लेकर सिहाग ने युवाओं से संपर्क अभियान चलते हुए भाजपा सरकार पर हमले बोले उन्होंने कहा कि आज युवा वर्ग भाजपा सरकार की गलत नीतियों से परेशान है। भाजपा सरकार ने सत्ता में आने के बाद एक भी युवा को नौकरी नहीं दी है। वह केवल सीईटी के नाम पर युवाओं को गुमराह कर रही है। युवा वर्ग आज रोजगार नहीं मिलने से परेशान है। उन्होंने कहा कि 23 मार्च को लगने वाले रक्तदान शिविर में जींद जिले से भारी संख्या में युवा भाग लेंगे और रक्तदान करेंगे। इस मौके पर जननायक जनता पार्टी की युवा विग के युवा अध्यक्ष दिग्विजय चौटाला मीटिंग भी लेंगे। जननायक जनता पार्टी हमेशा जनता के विकास के कार्यों में लगी रहती है और जनता की समस्याओं का तुरंत समाधान करती है। सत्ता में रहते हुए जननायक जनता पार्टी में प्रदेश की जनता के लिए अनेक को विकास कार्य किए थे।

## खबर संक्षेप

### आठ दिवसीय सत चंडी हवन का शुभारंभ

**राजौंद।** नगर के बाबा बहादुर वन मंदिर में आठ दिवसीय सत चंडी यज्ञ का विधिवत शुभारंभ किया गया। यज्ञ के पहले दिन 19 मार्च से सात ब्राह्मणों द्वारा सत चंडी पाठ आरंभ किया गया। आचार्य बुज भूषण हरित ने बताया कि यह यज्ञ आठ दिनों तक चलेगा और इसमें नगरवासियों की श्रद्धा व आस्था के साथ पूजा-अर्चना की जाएगी। दुर्गा अष्टमी के दिन हवन के साथ यज्ञ का समापन होगा और कन्याओं का पूजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस यज्ञ का मुख्य उद्देश्य नगर में सुख-शांति और आपसी प्रेम को बढ़ावा देना है। हर वर्ष चैत्र नवरात्रों के अवसर पर इस प्रकार के धार्मिक आयोजन किए जाते हैं, जिनमें नगरवासियों का विशेष सहयोग रहता है।

### जन आक्रोश रैली दिल्ली में शामिल होंगे मज़दूर

**कैथल।** 24 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की देशव्यापी जन आक्रोश रैली में कैथल से बड़ी संख्या में किसान ० मज़दूर वर्ग शामिल होगा। जिसके लिए कैथल,गुहला-चीका, सीवन,कलायत, ढांड, राजौंद में पार्टी के नेताओं की जिम्मेदारी लगा दी गई है। यह जानकारी प्रेस को जारी विज्ञप्ति में जिला सचिव सतपाल आनन्द ने दी। जिला सचिव सतपाल आनन्द ने बताया कि केंद्र की मोदी और राज्य नायब सैनी सरकार की जन विरोधी नीतियों से आम जन में भारी आक्रोश है। गत दिनों पार्टी की ओर से गाँव गाँव में जन आक्रोश जत्थे के माध्यम से गाँव देहात में किये गए जनसम्पर्क में आम जन में सरकार की कुरीतियों के प्रति भारी नाराजगी नोट की गई है।

### गेहूं खरीद के लिए आबंटित की अनाज मंडी-खरीद केंद्र

**पाई।** पाई क्षेत्र की अनाज मंडियों में सरकार द्वारा किसानों की गेहूं की फसल की खरीद करने के लिए खरीद एजेंसियों की नियुक्ति कर दी है। पाई अनाज मंडी से वीरवार, शुक्रवार व शनिवार को लगातार तीन दिन खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा तथा सोमवार, मंगलवार व बुधवार को हरियाणा वेयर हाउस द्वारा गेहूं की खरीद की जायेगी। इसी प्रकार खरीद केंद्र करोडा में मंगलवार, वीरवार, शुक्रवार व शनिवार को खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा तथा सोमवार व बुधवार को हरियाणा वेयर हाउस द्वारा गेहूं की खरीद की जायेगी।

### भारतीय नववर्ष महोत्सव उत्साहपूर्वक सम्पन्न

**कैथल।** महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय के टीक परिसर में भारतीय नववर्ष महोत्सव का भव्य एवं गरिमामय आयोजन अत्यंत उत्साह और श्रद्धा के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य विधिवत हवन के साथ हुआ, जिसमें विश्वविद्यालय के कुलगुरु, प्राध्यापकगण, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों ने सहभागिता कर नववर्ष के मंगलमय होने की कामना की। हवन का संयोजन डॉ. हरीश कुमार ने किया। हवन के उपरांत आयोजित बौद्धिक गोष्ठी में भारतीय नववर्ष के सांस्कृतिक, वैज्ञानिक एवं दार्शनिक आयामों पर गंभीर चर्चा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलगुरु प्रो. राजेन्द्रकुमार अनायत ने की, जबकि शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. संजय गोयल का सान्निध्य प्राप्त हुआ।

### हेरोइन सप्लाई मामले में आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** पुलिस की एंटी नारकोटिक सैल ने हेरोइन सप्लाई मामले में सप्लायर काबू किया है। मामले में एंटी नारकोटिक सैल के एएसआई जगभान की टीम ने हेरोइन सप्लायर सेरधा निवासी आरोपी अजय को काबू कर लिया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 17 को एंटी नारकोटिक सैल के एएसआई राजेश की टीम ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते थाना राजौंद क्षेत्र से आरोपी राजौंद निवासी प्रवीण को 17.37 ग्राम हेरोइन सहित काबू किया था। जांच दौरान खुलासा हुआ कि प्रवीन को यह हेरोईन अजय ने उपलब्ध करवाई थी। आरोपी के कब्जे से 1000 रुपए ड्रगमनी बरामद की।

---

### उपायुक्त ने समाधान शिविर में सुनीं लोगों की समस्याएं, अधिकारियों को निर्देश

# शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

डीसी अपराजिता ने कहा कि समाधान शिविरों का मुख्य उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। इसलिए सभी अधिकारी समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध तरीके से उनका निस्तारण सुनिश्चित करें, ताकि आमजन को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े।


**कैथल।** डीसी अपराजिता समाधान शिविर में लोगों की शिकायत सुनते हुए।

डीसी अपराजिता वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में आमजन की शिकायतें सुनने के दौरान अधिकारियों को दिशा निर्देश दे रहीं थीं। इस दौरान आमजन ने अपनी व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याएं शिविर में दर्ज करवाई। जिनमें से अनेक शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। वहीं जो शिकायतें लंबित रहीं, उन पर संबंधित विभागों को शीघ्र कार्रवाई कर समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

उन्होंने कहा कि इस समाधान शिविर का उद्देश्य आमजन को एक ही छत के नीचे उनकी समस्याओं का समाधान करना है। इसी दौरान शिविर में पहुंची कैथल की मनीषा ने अपने विधवा पेंशन से संबंधित समस्या रखी, जिस पर डीसी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे सरकार द्वारा आयोजित इन शिविरों का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और अपनी समस्याओं का समाधान करवाएं। यह शिविर सोमवार और वीरवार को जिला स्तर एवं उप मंडल स्तर पर आयोजित किए जाते हैं। इस अवसर पर एडीसी सुशील कुमार, सीटीएम गुरविंद्र सिंह, डीडीपीओ रितु लाठर, सीएमओ डा. रेणु चावला सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

#### नागरिकों की समस्याओं व शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर हो रहा निवारण

**गुहला-चीका।** एसडीएम कार्यालय में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने नागरिकों की समस्याओं व शिकायतों को सुना और मौके पर मौजूद अधिकारियों व कर्मचारियों को जल्द समाधान करने के निर्देश जारी किए। शिविर के दौरान आमजन की मुख्य शिकायतें परिवार पहचान पत्र, बिजली बिल, जल निकासी, राजस्व विभाग से संबंधित रही। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि वे अपने-अपने विभाग से जुड़ी समस्याओं व शिकायतों पर कार्रवाई करें, इसमें कोई भी लापरवाही न बरती जाए। एसडीएम ने कहा कि उपमंडलाधीश कार्यालय में हर सोमवार व वीरवार को समाधान शिविरों का आयोजन सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित किया जाता है। इस दौरान विभागों के उच्चाधिकारी मौजूद इस शिविर का उद्देश्य नागरिकों की समस्याएं सुनकर उनका समाधान करवाया जाता है। समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं व शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निवारण करवाया जाता है। इन शिविरों में लोगों को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की जा रही है। आमजन इन समाधान शिविरों का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।


**गुहला-चीका।** एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह लोगों की शिकायत सुनते हुए।

---


**कैथल।** मार्केटिंग मैनेजर मेवा सिंह छात्राओं को जानकारी देते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

## छात्राओं को दी ओम ग्लोबल स्टर्लिंग यूनिवर्सिटी के जॉब मेले की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

- कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने करियर से जुड़े प्रश्न पूछे

श्री कपिल मुनि राजकीय महिला महाविद्यालय में प्लेसमेंट सेल एवं वूमेन सेल के संयुक्त तत्वावधान में ओम ग्लोबल स्टर्लिंग यूनिवर्सिटी में आयोजित होने वाले जॉब फेयर के संबंध में छात्राओं को जानकारी दी गई। यह जॉब फेयर विशेष रूप से फ्रेशर्स के लिए आयोजित किया जा रहा है।

यूनिवर्सिटी के मार्केटिंग मैनेजर मेवा सिंह ने छात्राओं को महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया। उन्होंने बताया कि एक प्रभावी रिज्यूमे कैसे तैयार किया जाता है, इंटरव्यू में किस प्रकार आत्मविश्वास के साथ प्रस्तुत होना चाहिए तथा नौकरी प्राप्त करने के लिए आवश्यक कौशल कौन-कौन से होने चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने यह भी जानकारी दी कि जॉब के अनुसार उचित सैलरी की क्या अपेक्षा होनी चाहिए। महाविद्यालय की प्लेसमेंट सेल की इंचार्ज शीला के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा मंच का संचालन रीतू द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि इस जॉब फेयर में लगभग 100 कंपनियां भाग लेने वाली हैं। छात्राएं अपनी रुचि (इंटरेस्ट) के अनुसार किसी भी कंपनी या क्षेत्र में आवेदन कर सकती हैं। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने करियर से जुड़े प्रश्न पूछे। महाविद्यालय प्रशासन ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम छात्राओं को रोजगार के अवसरों के प्रति जागरूक करने में सहायक सिद्ध होते हैं।

---

#### परिषद्-गीत का लोकार्पण एवं कवि सम्मेलन का आयोजन

## साहित्य, मौखिक और लिखित रूप में पीढ़ी दर पीढ़ी बढ़ना चाहिए: डॉ. तेजिंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

अखिल भारतीय साहित्य परिषद् हरियाणा की ज़िला इकाई कैथल द्वारा नव सम्वत्सर-2083 की पूर्व संध्या पर नगर कैथल के जवाहर पार्क स्थित सेवा संघ भवन में प्रांत परिषद् हरियाणा के मार्गदर्शन में एक दिवसीय ज़िला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया।नव सम्वत्सर-2083 की पूर्व संध्या पर आयोजित इस कार्यक्रम में सतपाल पराशर आनन्द द्वारा गये परिषद्-गीत /" भारती की लोक-मंगल साधना स्वीकार हो /" का लोकार्पण भी किया गया और कवि-सम्मेलन भी आयोजित किया गया। परिषद् की कैथल इकाई के अध्यक्ष डा. तेजिंद्र ने बताया कि इसमें संरक्षक डा. हरीश चंद्र झंडई ने अध्यक्ष के रूप में, परिषद् के प्रांत महामंत्री हरियाणा डा. जगदीप शर्मा राही ने मुख्य वक्ता के रूप में और सेवा संघ कैथल के संस्थापक-अध्यक्ष,बाबा बंदा सिंह बहादुर सिक्ख सम्प्रदाय (भारत ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. शिव शंकर सिंह पाहवा ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। मंच-संचालन डा. तेजिंद्र ने किया।ज़िला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग में डा. तेजिंद्र ने हमारा अधिष्ठान और हमारी साहित्य परंपरा-इन दो विषयों पर अपनी बात रखी। कहा कि साहित्य,मौखिक और लिखित रूप में,पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ना चाहिये। भारत का साहित्य चाहे वह मौखिक रूप में रहा हो अथवा लिखित रूप में,सदा हमारी परंपराओं का संवाहक रहा है। मुख्य वक्ता डा. जगदीप शर्मा राही ने प्रशिक्षण के सभी कार्यक्रमों के समेटते कार्य-विस्तार योजना का विस्तृत वर्णन किया। अतिरिक्त जसबीर सिंह,रजनीश शर्मा,सुरेश कुमार कल्याण,दिलबाग अकेला आदि ने भी अपनी काव्य-रचनाओं का पाठकर उपस्थित-जनों को आनन्दित किया।


कैथल। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि-गण एवं रचनाकार।

## भागवत कथा सुनने से दुराचारी व पापी का कल्याण : महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

श्री पूंडरीक तीर्थ एवं मन्दिर सुधार सभा द्वारा नाग ह्रदय कुण्ड पूंडरी में पुण्डरीक तीर्थ वार्षिक मेला महोत्सव के उपलक्ष्य में पूंडरी के शरू हुई 8 दिवसीय संगीतमय श्री रामकथा के पहले दिन सैंकड़ों महिलाओं सहित अनेक श्रद्धालुओं ने बढ़-चढक़र भाग लिया। श्री रामकथा कथा वाचक आचार्य संतोष त्रिपाठी जी महाराज की अमृतवर्षा करते हुए कहा कि गौ ब्राह्मण और संता की रक्षा के लिए भगवान श्री राम का अवतार हुआ था। आज अगर हम श्रीराम चरित मानस की केवल एक चौपाई क्रियात्मक रूप में जीवन में ढाल ले तो जीवन सफल हो जाता है। उन्होंने कहा कि कृत्घन लोग धरती पर पाप के समान है, जबकि कृतज्ञता से पुण्य की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि जिस घर में तुलसी होता है उस घर में अकाल मौत नहीं होती, साथ ही श्रद्धालुओं को संबोधित करते कहा कि अपने घर में तुलसी का पौधा, गऊ, माथे पर तिलक व यज्ञोपवीत अवश्य धारण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन तुलसीजल ग्रहण करने से काया निरोग व विचार सात्विक बना रहता है। माथे पर तिलक धारण न करने वाले व्यक्ति की विचारधारा तामसिक हो जाती है। कहा कि भागवत कथा सुनने से दुराचारी व पापी का कल्याण भी होता है। कलियुग में जीव अल्प आयु में ही अल्प समय में रहकर प्रभु को प्राप्त करना चाहता है।



---

## एएसआई बलविंद्र ने लौटाया आईफोन

हरिभूमि न्यूज. कैथल

जिला पुलिस कैथल के एक कर्मचारी ने ईमानदारी की शानदार मिसाल पेश की है। एसपी कार्यालय में तैनात एएसआई बलविंद्र सिंह ने लाखों कीमत का गुमशुदा मोबाइल असली मालिक तक पहुंचाकर सराहनीय कार्य किया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 18 मार्च की शाम एएसआई बलविंद्र सिंह को बस स्टैंड कैथल के नजदीक रेलवे फाटक के पास लावारिस हालत में एप्पल कंपनी का आईफोन 14 प्रो मिला, जिस पर स्क्रीन लॉक लगा हुआ था। बिना देर किए मोबाइल साइबर सेल इंचार्ज एएसआई राकेश को सौंप दिया। इसके बाद एएसआई राकेश ने तकनीकी जांच के माध्यम से मोबाइल के असली मालिक का पता लगाया। जांच में मोबाइल कुरुक्षेत्र सेक्टर निवासी प्रथम राणा का पाया गया। सूचना मिलने पर प्रथम राणा पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे, जहां उन्हें उनका गुमशुदा आईफोन सुरक्षित वापस सौंप दिया गया। प्रथम राणा कैथल की एक कंपनी में टेक्नो इंजीनियर के पद पर कार्यरत हैं। प्रथम ने बताया कि वह 18 मार्च की शाम कैथल से कुरुक्षेत्र जाते समय बस अड्डा के पास अपना मोबाइल खो बैठे थे।



## राजा हरिश्चंद्र धर्म, त्याग और सत्य के प्रतीकः प्राचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढांड

युवा एवं सांस्कृतिक विभाग कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी के सौजन्य से बाबू अनंत राम जनता कॉलेज, कौल में आयोजित 11वें रत्नावली युवा सांग महोत्सव (कुरुक्षेत्र ज़ोन) का द्वितीय दिवस सांस्कृतिक वैभव, भावनात्मक अभिव्यक्ति और लोक परंपराओं की अनुपम छटा से परिपूर्ण रहा।

कार्यक्रम महाविद्यालय प्रबंधन समिति के प्रधान चौधरी तेजवीर सिंह के मार्गदर्शन, मुख्य अतिथि डॉ. सलोनी पवन दीवान (उपनिदेशक, युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम निदेशालय) की गरिमामयी उपस्थिति तथा प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। द्वितीय दिवस का मुख्य आकर्षण हरियाणवी लोकनाट्य सांग "राजा हरिश्चंद्र" रहा, जिसकी प्रस्तुति एस.डी. (पी.जी.) कॉलेज, पानीपत की टीम द्वारा अत्यंत प्रभावशाली ढंग से की गई। कलाकारों की जीवंत अभिव्यक्ति, संवादों की गूंज, पारंपरिक वेशभूषा और मधुर संगीत ने ऐसा वातावरण निर्मित किया कि मानो इतिहास सजीव हो उठा हो। प्रस्तुति ने दर्शकों को सत्य, त्याग और धर्मनिष्ठा के मूल्यों से जोड़ते हुए गहरी भावनात्मक अनुभूति कराई।


**ढांड।** बाबू अनंत राम जनता कॉलेज, कौल में सांग की प्रस्तुति देते कलाकार।

---

### महोर्मि इलेवंथ एडिशन का किया विमोचन

**पूंडरी।** चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय, फतेहपुर-पूंडरी में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह के अवसर पर एक भव्य एवं गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कॉलेज की वार्षिक मैगजीन 'महोर्मि' के इलेवंथ एडिशन का विधिवत विमोचन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा, संस्कृति और सृजनात्मकता का सुंदर समन्वय देखने को मिला। मैगजीन का विमोचन प्रधान चौधरी तेजवीर सिंह, मुख्य अतिथि डॉ. संजय गोयल, प्राचार्या डॉ. शकुंतला सिंगला व वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. अमीता राणा, डॉ. गीता जैसवाल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम चौधरी ईश्वर सिंह के आशीर्वाद से संपन्न हुआ, जिसमें महाविद्यालय के प्राध्यापकगण व अन्य गणमान्य अतिथि भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्या डॉ. शकुंतला सिंगला ने अपने संबोधन में छात्राओं और स्टाफ को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि निरंतर परिश्रम, अनुशासन और सकारात्मक सोच से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है तथा छात्राओं को भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

### नवरात्र शुरूः माता रानी के जयकारों से गूंजे मंदिर

**सीवन।** चैत्र नवरात्रों के पहले दिन सीवन क्षेत्र में धार्मिक आस्था का माहौल नजर आया। मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ रही और माता रानी के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। इस अवसर पर मंदिरों में अखंड ज्योत प्रज्वलित की गई, जो पूरे नवरात्रों तक जलती रहेगी। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। कई स्थानों पर भजन-कीर्तन और विशेष सजावट भी की गई, जिससे वातावरण और अधिक आध्यात्मिक बना रहा। इसी क्रम में सीवन गौशाला में भी हर वर्ष की तरह अखंड ज्योत जलाई गई। यहां श्रद्धालुओं ने पहुंचकर माता के समक्ष दीप जलाए और पूजा की। संत छविराम दास ने बताया कि नवरात्रों का पहला दिन मां शैलपुत्री की पूजा को समर्पित होता है। उन्होंने कहा कि मां शैलपुत्री की आराधना से जीवन में शक्ति और स्थिरता आती है। उन्होंने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि नवरात्रों के दौरान संयम और श्रद्धा के साथ पूजा करें तथा सकारात्मक सोच अपनाएं। गौशाला में अखंड ज्योत के सामने श्रद्धालुओं ने माथा टेककर आशीर्वाद लिया। पूरे दिन भक्तों का आना-जाना लगा रहा।

### सहकारी चीनी मिल में हवन के साथ नव संवत्सर व नवरात्र का भव्य स्वागत

**कैथल।।** नववर्ष विक्रम संवत 2083 के शुभ अवसर पर कैथल सहकारी चीनी मिल स्थित शिव मंदिर में श्रद्धा और उत्साह के साथ विशेष हवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर मिल के प्रबंध निदेशक कृष्ण कुमार ने अपनी धर्मपत्नी सहित हवन में आहुति डाली और उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को नववर्ष एवं नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। प्रबंध निदेशक ने कहा कि इस दिन के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इसी दिन ब्रह्मा जी द्वारा सृष्टि की रचना की गई थी। साथ ही प्रभु श्रीरामचंद्र और युधिष्ठिर का राज्याभिषेक भी इसी तिथि को हुआ था। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि स्वामी दयानंद सरस्वती ने इसी दिन आर्य समाज की स्थापना की थी। उन्होंने कहा कि यह दिन हमारी समृद्ध परंपरा का प्रतीक होने के साथ-साथ नए संकल्प और सकारात्मक ऊर्जा के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।

**आवश्यक वस्तुओं की सुचारू आपूर्ति के लिए विशेष कमेटी गठित :कलायत।** उपमंडल प्रशासन ने आवश्यक वस्तुओं की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए हैं। एसडीएम कलायत अजय हुड्डा ने आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत कड़े निर्देश जारी करते हुए एक विशेष कमेटी का गठन किया है।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार जीन्द**

**सुमित पुत्र स्व. श्री शिव लाल निवासी मकान न0: 148/20, कुम्हारान मौहल्ला, जीन्द तह व जिला जीन्द।**

**बनाम**

जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि मुझ प्रार्थी के पिता स्व श्री शिवलाल पुत्र श्री खाण्डा राम का देहांत दिनांकः 05/01/2001 को हो चुका है तथा मेरी माता स्व श्रीमति आशा रानी पत्नी स्व श्री शिव लाल का देहांत दिनांक 30/12/2025 को हो चुका है। जो कि मुझ प्रार्थी के माता-पिता के देहांत के पश्चात केवल 1 वारिस है। जो कि इस प्रकार से हैः-

1. सुमित पुत्र

इनके अलावा मृतक का अन्य कोई वारिस/उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बन्ध में प्रार्थी ने शपथ पत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिये हर आम व खास को इस इश्तहार/नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस/उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एवं एतराज हो तो व स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 30 दिनों के अन्दर अन्दर इस कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है।

यह नोटिस इश्तहार हस्ताक्षर आज दिनांक 17.03.26 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया है।

**हस्ता/- न्यायालय तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार जीन्द**

---

### सटीक प्रशिक्षण ही जनगणना की सफलता की कुंजी : अपराजिता

# तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू, 38 फील्ड ट्रेनर ले रहे भाग

- मास्टर ट्रेनरों द्वारा जनगणना के तय मानकों के अनुरूप विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

हरियाणा राज्य में जनगणना 2027 को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में कैथल में वीरवार को 3 दिवसीय फील्ड ट्रेनर प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसमें मास्टर ट्रेनरों द्वारा जनगणना 2027 के निर्धारित मानकों के अनुरूप विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इसमें मकान सूचीकरण, परिवार विवरण, डिजिटल डेटा संकलन, मोबाइल एप के उपयोग तथा फील्ड में आने वाली व्यावहारिक चुनौतियों से निपटने के तरीकों की जानकारी दी जा रही है।


**कैथल।** डीसी अपराजिता अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

डीसी अपराजिता ने अपने संदेश में कहा कि जनगणना अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है, जिसके आधार पर सरकार की नीतियां और विकास योजनाएं निर्धारित होती हैं। सटीक प्रशिक्षण ही जनगणना की सफलता की कुंजी होता है। उन्होंने कहा कि इस कार्य में फील्ड ट्रेनर की भूमिका बेहद अहम है, क्योंकि यही प्रशिक्षक आगे प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षित करेंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में दिया जा रहा प्रशिक्षण जनगणना कार्य की सफलता के लिए सबसे महत्वपूर्ण साबित होगा। जितना बेहतर प्रशिक्षण फील्ड स्तर तक पहुंचेगा, जनगणना का कार्य उतना ही प्रभावी और त्रुटिरहित होगा।

जिला सांख्यिकी अधिकारी निर्मल ने बताया कि जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 1 मई 2026 से 30 मई 2026 तक 30 दिनों की अवधि में किया जाएगा। इससे पूर्व 16 अप्रैल 2026 से 30 अप्रैल 2026 तक नागरिकों को 'जनगणना पोर्टल' के माध्यम से ऑनलाइन स्व-गणना की सुविधा भी उपलब्ध करवाई जाएगी, जिससे लोग स्वयं अपने परिवार की जानकारी दर्ज कर सकेंगे। इसके पश्चात दूसरे चरण में फरवरी 2027 के दौरान जनसंख्या गणना का कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर डीआरओ चंद्रमोहन, जिला सांख्यिकी अधिकारी निर्मल, मास्टर ट्रेनर प्रो. जसपाल मलिक आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### उचाना विकास की ओर अग्रसर : विधायक

**उचाना।** मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा ने कहा कि विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने जो विकसित उचाना का वायदा लोगों से किया है उसको पूरा करने की ओर वो अग्रसर है। सीएम नायब सिंह सैनी की उचाना विकास रैली विकसित उचाना के सपने को पूरा करने में मील का पत्थर साबित होगी। उचाना हलके के अलेवा ब्लॉक के कई गांव को आईएमटी के लिए चुना गया है। उचाना हलके में आईएमटी बनती है तो पूरे हलके की तस्वीर बदली नजर आएगी। जिस तरह से खरखौदा में आईएमटी बनने के बाद उद्योग लगने से युवाओं को रोजगार के अवसर मिले है। ऐसे ही उचाना में आईएमटी बनने के बाद उद्योग लगने से युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि उचाना को विकसित बनाने के लिए सीएम ने ढाकल हैड से रजबाहा बनाने के लिए कमेटी बनाने की घोषणा की। गांव में युवाओं के लिए लाइब्रेरी बनाने, सड़कों की चौड़ाई बढ़ाने, कच्चे रास्ते को पक्का करने, करसिंधु पीएचसी को सीएचसी का दर्जा देने, उचाना खुर्द, घोघड़िया में पीएचसी बिल्डिंग की घोषणाएं की।

### धनौरी में ट्रांसफार्मर से तेल चोरी, केस दर्ज

**कलायत।** धनौरी में अज्ञात चोरों ने 25 केवीए ट्रांसफार्मर से तेल चोरी कर लिया, जिससे बिजली निगम को करीब 12 हजार 600 रुपए का नुकसान हुआ है। मामले में कलायत थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में निगम के जेई हरेंद्र ने बताया कि गांव धनौरी में किसान मनफूल के खेतों से चोरों ने 7 मार्च की रात 25 केवीए ट्रांसफार्मर से 105 लीटर तेल चोरी कर ले गए। मामले में जांच अधिकारी एसआई सतीश ने बताया कि पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### विधायक देवेंद्र अत्री आज सुनेंगे जन समस्याएं

**उचाना।** 20 मार्च को पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री पहुंचेंगे। यहां पर कार्यकर्ताओं से रूबरू होकर आमजन की समस्याओं को भी सुनेंगे। मार्केट कमेटी वाइस चेयरमैन प्रवीण गर्ग ने बताया कि निरंतर पीडब्लूडी विश्राम गृह पहुंच कर लोगों से रूबरू विधायक होते है तो निरंतर लोगों के बीच विधायक रहते है।

## नवरात्र के अंतिम दिन जयंती देवी मंदिर में होगा जागरण व मेला

# चैत्र नवरात्र के पहले दिन उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, मंदिर कमेटी ने किए पुख्ता प्रबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन गुरूवार सुबह शहर के सभी प्रमुख मंदिरों में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा तथा मां शैलपुत्री के दर्शन कर सुखी जीवन की कामना की। अल सुबह से ही श्रद्धालु जयंती देवी मंदिर सहित अन्य शहर के प्रसिद्ध मंदिरों में लंबी लाइन लगनी शुरू हो गई थी। माता के दर्शनों के लिए महिलाओं की संख्या अधिक थी। नवरात्रों में मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ को ध्यान में रख कर मंदिर कमेटी द्वारा सुरक्षा के विशेष प्रबंध किए गए हैं। मंदिर प्रबंध समिति ने महिला तथा पुरूषों के लिए मंदिर प्रांगण में बेरीकेडिंग की गई है। इस दौरान मंदिर की भव्य सजावट की गई। वहीं प्रशासन ने सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस की चौकसी की गई थी।

जयंती मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने कहा कि मंदिर कमेटी ने श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई समस्या न हो, इसके लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है। नवरात्र के अंतिम दिन जयंती देवी मंदिर में जागरण तथा मेले का आयोजन किया जाएगा।


जींद। जयंती देवी मंदिर में नवरात्र के प्रथम दिन पूजा करते हुए श्रद्धालु।

### नवरात्र के पहले दिन बाजारों में रौनक

*नवरात्र के कारण दिनभर बाजार में रौनक रही। लोगों ने पूजापाठ सहित घरेलू सामानों की जमकर खरीदारी की। ग्राहकों की भीड़ रहने से पूजा-पाठ कपड़े, बर्तन आदि के दुकानदारों में खुशी का माहौल था। लोग चुनरी, नारियल, पूजा का सामान खरीद रहे थे। ऐसा माना जाता है कि नवरात्र पर्व पर लोग जमकर खरीददारी की।*

### जयंती मंदिर में हवन-यज्ञ व कन्याओं को भोजन कराकर किया हिंदू नव वर्ष का शुभांरभ

*नवरात्रों के शुभांरभ पर महाभारत कालीन राजकीय जंयती देवी मंदिर में गुरुवार को जयंती यज्ञ का शुभारंभ किया गया है। इस दौरान मंदिर प्रांगण में कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोजन परोसा गया। मंदिर पुजारी नवीन कुमार शास्त्री ने बताया कि नवरात्रों के दिनों में मंदिर प्रागंण के अंदर हर वर्ष कन्या पूजन और प्रतिदिन हवन यज्ञ का आयोजन किया जाता है। मां जंयती की कृपा जींद ही नहीं अपितु समस्त संसार के प्रत्येक प्राणी पर बनी रहे, इसके लिए माता के दरबार में पूजा-अर्चना चलती है। नवरात्रों के पावन पर्व पर इस बार मंदिर के अंदर ही जागरण होगा।*

श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मंदिर के अंदर रेलिंग तथा बाहर बेरीकेड्स लगाए गए हैं। असामाजिक तत्वों से निपटने के लिए पुलिस सुरक्षा का प्रबंध किया गया है।

### मंदिरों में भक्ति का सैलाब, कीर्तन से गूंजा वातावरण

*राजौंद। चैत्र नवरात्र के पावन पर्व की शुरुआत के साथ ही पूरे क्षेत्र में श्रद्धा, उत्साह और आस्था का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। पहले ही दिन सुबह से मंदिरों में भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं, वहीं बाजारों में भी जबरदस्त रौनक और चहल-पहल नजर आई। नवरात्र को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। बाजारों में दुकानदारों ने अपनी दुकानों को रंग-बिरंगी झालरों, लाइटों और माता की तस्वीरों से सजा दिया है। फल, फूल, नारियल, चुनरी, पूजा सामग्री, अगरबत्ती, दीये, व्रत के खाद्य पदार्थ और सजावटी सामानों की खरीदारी करने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है। महिलाओं और युवतियों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है, जो सुबह से ही बाजारों में खरीदारी करती नजर आईं। दुकानदारों का कहना है कि नवरात्र के चलते व्यापार में अच्छी बढ़ोतरी की उम्मीद है और आने वाले दिनों में भीड़ और अधिक बढ़ेगी। मंदिरों में सुबह कलश स्थापना के साथ मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर माता के चरणों में शीश नवाया और परिवार की सुख-शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। दिनभर मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा और वातावरण "जय माता दी" के जयकारों से गूंजता रहा। शाम होते ही मंदिरों में भव्य भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। महिला श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर माता के भजनों पर भक्ति भाव से झूमते हुए कीर्तन किया। ढोलक और मंजीरों की मधुर ध्वनि के साथ गाए गए भजनों ने पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया। कई स्थानों पर सामूहिक कीर्तन और जागरण की शुरुआत भी की गई है, जो पूरे नौ दिनों तक जारी रहेंगे। नवरात्र के पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा का विशेष महत्व माना जाता है।*


राजौंद। नवरात्र के अवसर पर मंदिर में भजन-कीर्तन में लीन महिला श्रद्धालु।


पूंडरी। मंदिर में पूजा अर्चना करते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

### नवरात्र के पहले दिन मनसा देवी मंदिर में हजारों श्रद्धालुओं का लगा रहा तांता

**पूंडरी।** नवरात्रों के पावन अवसर पर मनसा देवी मंदिर फतेहपुर में पहले दिन श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। सुबह से ही महिलाएं, पुरुष व बच्चे पूजा अर्चना करने के लिए मंदिर में पहुंचें। देवी मंदिर की दूर-दूर तक मान्यता है। कहते हैं कि जो भी सच्चे दिल से यहां अपनी मुराद लेकर आता है उसकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। वेदों, पुराणों में दुर्गा की शक्ति के बारे में प्राचीन काल से जो लिखा हुआ है उस सच को चरितार्थ होते कईयों ने देखा है। यहां के मंदिर में लोग दूर-दूर से अपनी मुरादें लेकर आते हैं कोई नंगे पांव आता है तो कोई घुटनों के बल आता है दयालु मां सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं। वैसे तो मंदिर में लोग आते ही हैं लेकिन नवरात्रों के दिनों में यहां मां देवी के दर्शन करने वालों का तांता लगा रहता है। माता मनसा देवी के प्रधान संजीव वालिया नें बताया की अपने पूर्व जन्म में ये प्रजापति दक्ष के यहां कन्या के रूप में उत्पन्न हुई थी।


राजौंद। 70 किलोमीटर पैदल यात्रा कर मां की जोत लेकर गांव पहुंचे श्रद्धालु।

### 70 किलोमीटर पैदल चलकर मां बनभौरी की जोत लाए श्रद्धालु

**राजौंद।** गांव खुरडा के ग्रामीणों द्वारा गांव की सुख-शांति और भाईचारे की कामना को लेकर एक अनूठी परंपरा निभाई जा रही है। श्रद्धालु करीब 70 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर मां बन्मेश्वरी मंदिर से जोत लेकर गांव पहुंचे। यह परंपरा पिछले 2वर्षों से लगातार जारी है। गांव के पूर्व सरपंच कृष्ण कुमार के नेतृत्व में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने इस यात्रा में भाग लिया। उन्होंने बताया कि जब जोत गांव में पहुंची तो ग्रामीणों ने रास्ते में करीब 03 किलोमीटर सड़क की साफ-सफाई की।इसके बाद श्रद्धालु जयकारे लगाते हुए गांव में प्रवेश किए और पूरे गांव की परिक्रमा कर जोत को मंदिर में स्थापित किया गया। कृष्ण कुमार ने बताया कि पूरे नवरात्रों में जोत की विधिवत पूजा-अर्चना की जाती है।

# डिप्टी स्पीकर ने 62 जरूरतमंद परिवारों और संस्थाओं को बांटी एक करोड़ 33 लाख की सहायता राशि

## प्रदेश सरकार का लक्ष्य पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना : डा. मिड्ढा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि नायब सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सरकार की नीतियां जरूरतमंद और वंचित वर्ग के उत्थान के लिए समर्पित हैं और इसी कड़ी में यह आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है ताकि पात्र लाभार्थियों को समय पर राहत मिल सके।

डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा गुरूवार को स्थानीय लघु सचिवालय परिसर में आयोजित चेक वितरण समारोह के दौरान अपने स्वैच्छिक कोटे से 62 जरूरतमंद व्यक्तियों व विभिन्न समितियों को कुल एक करोड़ 33 लाख रुपये की आर्थिक सहायता के चेक वितरित करने पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डिप्टी स्पीकर ने कहा कि आज वितरित की गई यह राशि जरूरतमंद परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में सहायक सिद्ध होगी। वे इस सहायता राशि के जरिए अपनी शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका से संबंधित सभी जरूरतों को पूरा कर आत्मनिर्भर बन सकेंगे और अपने परिवार का भविष्य सुरक्षित कर सकें। डिप्टी स्पीकर ने कहा कि प्रदेश सरकार पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ जनकल्याणकारी योजनाओं को लागू कर रही है। जिससे पात्र लोगों तक सीधे लाभ पहुंच रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सुनिश्चित करें कि सरकारी योजनाओं का लाभ सही व्यक्ति तक समय पर पहुंचे और किसी भी पात्र व्यक्ति को वंचित न रहना पड़े। इस मौके पर डीसी मोहम्मद इमरान रजा, एसडीएम सत्यवान सिंह मान और सभी संबंधित विभागों के अधिकारी तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति और सभी लाभार्थी मौजूद रहे।



जींद। जरूरतमंदों को राशि के चैक बांटते डिप्टी स्पीकर। फोटो : हरिभूमि

### एबीवीपी ने समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

**जींद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का प्रतिनिधिमंडल वीरवार को सीआरएसयू के डीन स्टूडेंट वेलफेयर से विद्यार्थियों की विभिन्न समस्याओं और सुविधाओं को लेकर मिला। प्रतिनिधिमंडल का उद्देश्य विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को मिलने वाली आवश्यक सुविधाओं को सुनिश्चित करवाना और छात्र हितों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रशासन के समक्ष प्रभावी ढंग से रखना था। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जींद विश्वविद्यालय अध्यक्ष सतविंद्र ढिल्लो ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल ने विशेष रूप से सीखते हुए कमा योजना, विद्यार्थियों के पासपोर्ट बनवाने की सुविधा, ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने की प्रक्रिया तथा वोटर आईडी कार्ड बनवाने हेतु विशेष कैंप आयोजित करने की मांग प्रमुखता से रखी।

## न्यूज डायरी




### लंबित मांगों को लेकर डीइओ से मिले अतिथि अध्यापक

**कैथल।** कैथल जिला के गेस्ट टीचर लंबित मांगों को लेकर अतिथि अध्यापकों का शिष्टमंडल उपप्रधान मास्टर सुभाष चन्द के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधिकारी और जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी के उप अधीक्षक नरेश कुमार से मिले। गेस्ट टीचरों की मांगों में 10 फरवरी को सरकार द्वारा गेस्ट टीचरों को दिए जाने वाले लाभों को लागू करवाने जिसमें बेसिक वेतन पर नये एक्ट 2024 के अनुसार वेतन निकलवाने, गेस्ट टीचरों को ग्रेच्यूटी का लाभ, 2024/27 की सेक्सन हुए एलटीसी का बजट जारी करवाने, गेस्ट टीचरों को मेडिकल लाभ को पूरा करवाने की मांग रखी गई। इस मौके पर जिला महासचिव सुरेश बनवाला,कोषाध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा, कैथल ब्लाक प्रधान दीपक आहुजा, देवराज शास्त्री, सुरेश गुप्ता आदि रहे।



### व्यापारी अपहरण के प्रयास मामले में हुई बैठक

**जुलाना।** हनुमार मंदिर में गत 17 मार्च को हुए व्यापारी के अपहरण के प्रयास के मामले में व्यापारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता कैलाश सिंगला ने की। बैठक में डीएसपी संदीप कुमार पहुंचे। कैलाश सिंगला ने बताया कि मंगलवार सुबह करीब छह बजे व्यापारी सुशील के अपहरण का प्रयास किया गया था। हैरानी की बात यह है कि यह घटना मंडी चौकी से महज कुछ कदमों की दूरी पर हुई इसके बावजूद पुलिस अभी तक किसी भी आरोपी तक नहीं पहुंच सकी है। डीएसपी संदीप कुमार ने कहा कि पुलिस आरोपियों की पकड़ के नजदीक है। जल्द से जल्द आरोपियों को काबू किया जाएगा। व्यापारियों ने बंद कमरे में डीएसपी से बात की। पुलिस जल्द ही आरोपियों को काबू कर लेगी।

### विकास के लिए सीएम से मिले विधायक



**उचाना।** भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने विधानसभा सत्र में सीएम नायब सिंह सैनी से मुलाकात कर उचाना में विकास के कामों को लेकर चर्चा की। विधायक ने कहा कि विकसित उचाना के सपने को पूरा करने के लिए हम आगे बढ़ रहे है। विभिन्न विकास कार्यों को लेकर विस्तार से चर्चा सीएम नायब सिंह सैनी से की। उचाना की जनता से किए हर वायदे को पूरा किया जाएगा। अब से पहले उचाना को विकसित उचाना बनाने की तरफ ध्यान नहीं दिया गया। यहां पर कोई उद्योग लगाने की कोशिश नहीं की गई। ढाकल हैड से रजबाहा की मांग जो किसानों वर्षों पुरानी मांग रही है उसको लेकर कुछ नहीं किया गया। यहां के युवाओं को रोजगार मिले, हर खेत को पर्याप्त मात्रा में नहरी पानी मिले इसको लेकर निरंतर प्रयासरत है। उचाना से विधायक बना कर जो जिम्मेदारी उचाना की जनता ने दी है उसको वो निरंतर निभा उचाना हलके की मांगों को विधानसभा में उठाने का काम कर रहे है।

# छोटूराम किसान महाविद्यालय में खेल स्पर्धा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

छोटू राम किसान महाविद्यालय की 50वीं खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज की प्रशासक व मुख्यअतिथि सीटीएम मोनिका रानी रही। प्राचार्य डा. जगबीर सिंह ने कहा कि सीटीएम मोनिका ने छोटी उम्र में उच्च पद प्राप्त किया है, जो कॉलेज के विद्यार्थियों के भविष्य के लिए आगे बढने में प्रकाश स्तम्भ का कार्य करेगा।

उन्होंने आगे कहा कि हमें खेल को अपनी दिनचर्या का हिस्सा भी बनाना चाहिए। क्योंकि एक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ आत्मा का निवास होता है। मुख्यअतिथि सीटीएम मोनिका रानी ने विद्यार्थियों को कहा कि हम कठोर परिश्रम व ईमानदारी से कार्य कर जीवन में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। हमें जीवन में कभी भी किसी प्रकार के नशे को इसमें शामिल नहीं करना है।


जींद। विजेता खिलाडियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### लड़कों का शानदार प्रदर्शन

शारीरिक शिक्षा के इंचार्ज डा. राजपाल सिंह ढांडा ने कहा कि महाविद्यालय में अनेक खेल से संबंधित प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया है। इनमें मुख्य रूप से रेस, लॉग जंप, हाई जंप, डिस्कस थ्रो, शॉटपुट, जैवलियन थ्रो, थ्री लेग रेस इत्यादि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें कॉलेज के अनेक विद्यार्थियों ने भाग लिया। लड़कियों में प्रियंका बीए द्वितीय वर्ष ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इसी प्रकार लड़कों में सचिन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बेस्ट प्लेयर का खिताब हासिल किया। इस अवसर पर मंच का संचालन डा. संदीप बूरा ने किया।

## रेलवे डीआरएम पहुंचे नरवाना, लोगों को खड़े देखा तो रोका निरीक्षण यान

# शहर में ट्रेनों के ठहराव एवं आधारभूत संरचना के विकास की उठी मांग

- शहरवासियों ने रेलवे स्टेशन के मुख्य गेट को बाहर करने की डीआरएम के समक्ष रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद/नरवाना

नरवाना रेलवे स्टेशन का निर्माण अमृत योजना के तहत किया जा रहा है। अमृत योजना के तहत बन रहे रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा एक अप्रैल को किया जाना प्रस्तावित है लेकिन नरवाना रेलवे स्टेशन का निर्माण अभी तक अधूरा पड़ा है। जिसके लिए दिल्ली मंडल के महाप्रबंधक पुष्पेश रमन त्रिपाठी द्वारा नरवाना रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया जाना था। लेकिन निर्माण कार्य अधूरा पड़ा होने के कारण उनका रेलवे स्टेशन पर रूकना कैंसिल हो गया था। उनका निरीक्षण यान नरवाना के रेलवे स्टेशन पर रूका था लेकिन वो अधिकारियों व कर्मचारियों को उतारने के लिए रूका था पर डीआरएम से मिलकर रेलवे स्टेशन से संबंधित मांगे और ट्रेनों के ठहराव के लिए शहरवासी काफी संख्या में उनका इंतजार कर रहे थे। जब उनका निरीक्षण यान कर्मचारियों को उतार कर आगे बढ़ा तो लोगों ने निरीक्षण यान को इशारा कर रूकवाने का प्रयास किया। डीआरएम ने काफी संख्या में लोग देखे, तो उन्होंने निरीक्षण यान को रोकने के निर्देश दिए। इसके बाद वे नीचे उतर कर आए, जिसके बाद नरवाना वेलफेयर मंच के अध्यक्ष सरदार हरचरण सिंह व नंदलाल शर्मा द्वारा बुके देकर स्वागत किया। नंदलाल शर्मा ने क्षेत्रवासियों की तरफ से मांग पत्र सौंपते हुए कहा कि दिल्ली सराय रोहिल्ला-बीकानेर सुपरफास्ट एक्सप्रेस, श्रीगंगानगर-नांदेड़ सुपरफास्ट एक्सप्रेस, इंदौर-शहीद कैप्टन तुषार महाजन उधमपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस, कोटा-शहीद कैप्टन तुषार महाजन उधमपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस, फिरोजपुर-नांदेड़ एक्सप्रेस ट्रेनों का वर्तमान में नरवाना स्टेशन पर ठहराव नहीं है, जिससे यात्रियों को भारी असुविधा होती है।


जींद। नरवाना स्टेशन पर पहुंचे डीआरएम पुष्पेंद्र कुमार।

नरवाना से उज्जैन, इंदौर, नागदा, बीकानेर, बरनाला आदि के लिए कोई सीधी रेल सेवा उपलब्ध नहीं है। उनको बताया कि दिल्ली से नरवाना के बीच सुबह 7:40 बजे से दोपहर 1:15 बजे तक लगभग पांच घंटे 35 मिनट का लंबा अंतराल रहता है, जिसमें कोई ट्रेन उपलब्ध नहीं होती, जबकि इसी समय श्रीगंगानगर-नांदेड़ एवं इंदौर-उधमपुर एक्सप्रेस गुजरती हैं। ये गाड़ियां अमृतसर-नांदेड़ एक्सप्रेस के समान स्लाट में चलती हैं, जिसका नरवाना में ठहराव है। इससे अन्य गाडियों का ठहराव देने से समय-सारिणी पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। वहीं नरवाना स्टेशन पर वाशिंग लाइन, वाटर हाइड्रेंट, एससी कोच चार्जिंग प्वायंट एवं 600 मीटर लंबाई की 2 स्टेबलिंग लाइनों का निर्माण किया जाए। जिससे नई ट्रेनों का संचालन संभव हो सके।

### प्लेटफार्म नंबर की 560 मीटर की जाए लंबाई

नरवाना स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक की लंबाई बढ़ाकर 560 मीटर की जाए, ताकि 20-22 कोच की ट्रेनें संचालित हो सकें। वर्तमान में केवल 08 कोच की गाड़ी का संचालन किया जा सकता है। इसलिए प्लेटफार्म नंबर एक की लंबाई 560 मीटर की जाए, जोकि संभव है। कुछ क्रासिंग लाइनों को शिफ्ट करके प्लेटफार्म नं एक की लंबाई बढ़ाई जा सकती है। नरवाना यार्ड में फोब के पास लाइन नंबर 2, 3, 4 को क्रासिंग से जोड़ा जाए ताकि गाड़ी के रेक को आसीन से पार्क किया जा सके। प्लेटफार्म नंबर 05 एवं 06 का निर्माण किया जाए, जिससे ट्रेनों के संचालन में सुगमता हो। स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा हेतु एक्सिलरेटर, अतिरिक्त शेड एवं प्रतीक्षालय का निर्माण किया जाए। पुराने जल भंडारण टैंकों को बंद किया जाए। क्योंकि उनमें जमा गंदा पानी बीमारी और दुर्गंध का कारण बन रहा है। रेलवे द्वारा यहां पर प्रतिक्षालय, बारातघर, स्नान घर, रेलवे अस्पताल का निर्माण किया जा सकता है। रेल ड्राइवर एवं ट्रेन मैनेजर के लिए विश्राम गृह का निर्माण किया जाए।



### आरकेएसडी कालेज की प्रो. सीमा गुप्ता बनी रजिस्ट्रार

**कैथल।** आरकेएसडी कॉलेज कैथल गर्व के साथ प्रो. सीमा गुप्ता, प्रोफेसर (अंग्रेजी), को हरियाणा सरकार द्वारा चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद में रजिस्ट्रार के रूप में उनकी प्रतिष्ठित नियुक्ति पर हार्दिक बधाई देता है। प्रधान अश्वनी शोरेवाला एवं संपूर्ण प्रबंधक समिति ने प्रो. सीमा गुप्ता को उनकी इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रो. सीमा गुप्ता ने अपने दीर्घ शैक्षणिक एवं प्रशासनिक अनुभव के माध्यम से महाविद्यालय की प्रगति, अनुशासन तथा उत्कृष्टता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके मार्गदर्शन में अनेक शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों का सफल संचालन हुआ है, जिससे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को बल मिला है।



### शिव गो चिकित्सालय में धूमधाम से मनाया हिंदू नववर्ष

**कैथल।** हिंदू नववर्ष के पावन अवसर पर गो रक्षा दल कैथल द्वारा संचालित शिव गौ चिकित्सालय में एक भव्य एवं धार्मिक आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विधि-विधान के साथ गौ पूजन से की गई, जिसमें उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने गौ माता की सेवा एवं संरक्षण का संकल्प लिया। इस दौरान गौ सेवा के महत्व, भारतीय संस्कृति में गौ माता के स्थान एवं उनके संरक्षण की आवश्यकता पर भी विस्तार से चर्चा की गई। इस आयोजन में लोक संपर्क विभाग के बलबीर शर्मा एवं बलबीर शर्मा एंड पार्टी द्वारा विशेष सहयोग दिया गया। उनके सहयोग से कार्यक्रम को भव्यता मिली और उपस्थित लोगों ने धार्मिक भजनों एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का भी आनंद लिया।